# SURAJ INDUSTRIES LTD

**Registered Office** -Plot No. 2 Phase-3, Sansarpur Terrace, Distt. Kangra, H.P.-173212
**CIN:** L26943HP1992PLC016791
**Email id**- secretarial@surajindustries.org; **Website**- www.surajindustries.org
**Telephone No**: 01970-256414

**Date: 22.05.2021**

**To,**
**The Executive Director**
**BSE Limited**
**Floor 25, P J Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai-400001**

**Scrip Code: 526211**

**Subject: Intimation of the publication of Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2021**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, we enclose herewith the newspaper clipping regarding publication of Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2021, published in the following newspaper:

**1. Financial Express (English)**
**2. Jansatta (Hindi)**

Kindly take note of the same and acknowledge the receipt.

**Thanking You,**
**Yours Truly,**
**Suraj Industries Ltd**

**Bhanumathy Ramachandran**
**(Company Secretary)**

**Encl: As Above**

# चंडीगढ़ में सप्ताहांत कर्फ्यू का सिलसिला जारी

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ में कल शनिवार सुबह 5.00 बजे से सोमवार सुबह 5.00 बजे तक सप्ताहांत कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। यह फैसला आज शुक्रवार यहां कोविड संक्रमण से उत्पन्न सूरत-ए-हाल की समीक्षा के लिए वॉर रूम बैठक में लिए गए और इस बाबत आदेश भी आज स्थानीय उपायुक्त कार्यालय की ओर से यहां जारी कर दिए गए।

सप्ताहांत कर्फ्यू की उक्त अवधि के दौरान आवश्यक सेवाओं में कार्यरत बाशिंदों को छोड़कर, वह भी उनकी ओर से पहचान-पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के साथ, किसी भी शहरवासी को किसी भी तरह घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। जिन लोगों को इसमें छूट दी गई है उनमें कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले कर्मियों, दमकल विभाग में कार्यरत कर्मियों, अधिकृत पत्रकारों, बैंक कर्मियों के अलावा कोविड संबंधी कामकाज में तैनात कर्मचारी आदि शामिल हैं। इस दौरान दोपहर बाद 2.00 बजे तक होम डिलीवरी के लिए आवश्यक सामान की दुकानें खुली रहेंगी। निर्माण इकाइयों को भी खुले रहने की मंजूरी होगी। गर्भवती महिलाओं और उपचार के लिए आ-जा रहे मरीजों को बाहर निकलने की अनुमति होगी।

हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, आइएसबीटी से लौट रहे यात्रियों को आनेजाने की अनुमति होगी। सभी टीकाकरण केंद्र, जांच केंद्र, डिसपेंसरियां, स्वास्थ्य सेवा केंद्र भी खुले रहेंगे।

शहरवासियों को इस अवधि के दौरान सुबह 6.00 बजे से लेकर 9.00 बजे तक सैर करने की अनुमति होगी लेकिन इस दौरान उन्हें कोविड संबंधी नियमों जैसे सामाजिक दूरी बनाकर रखने, मुंह पर मास्क पहनने आदि नियमों का अनुपालन करना होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा और उक्त समयावधि के दौरान लागू रहेगा।

### चंडीगढ़ में 14 और मरीजों की मौत

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ में कोविड संक्रमण की रफ्तार बीते 11 दिनों से लगातार कम रही है जबकि जान गंवाने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। आज शुक्रवार यहां 14 संक्रमितों की जान गई जिन्हें मिलाकर अब तक 680 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। आज नए 406 मरीजों की भी पुष्टि हुई और अब तक शहर में 57,737 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। चंडीगढ़ में कोरोना के 5,675 सक्रिय मरीज अभी उपचाराधीन हैं। आज लगातार 11वें दिन स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक रही। आज 790 संक्रमितों ने घर वापसी की। अब तक 51,382 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। बीते 24 घंटों में 3,314 संदिग्ध लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

### हरियाणा में कवक संक्रमण के 64 मरीज


पंचकूला, 21 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में बीते 24 घंटे में कवक संक्रमण के नए 64 मरीज सामने आए हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दी जिसमें उन्होंने बताया अभी राज्य में कवक के कुल 332 मरीज उपचाराधीन हैं। आज ऐसे सर्वाधिक 21 मामले गुरग्राम से आए जबकि 14 मरीज हिसार से, 5 सिरसा से, 3 पानीपत से, 2-2 भिवानी-फरीदाबाद से और 1-1 मरीज फतेहाबाद-करनाल-पंचकूला-रेवाड़ी-रोहतक-सोनीपत-यमुनानगर से आए।

### कवक संक्रमण की दवाई भी विदेशों से मंगवाएगी सरकार

**चंडीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि सरकार ने कवक संक्रमण की दवा विदेश से आयात करने का निर्णय लिया है।

सृजन ही धर्म है जिनका ऐसे शब्द साधक



30 जुलाई 1935 - 11 मई 2021

डॉ. नरेन्द्र मोहन स्मृति सभा

कवि, आलोचक, नाटककार, आत्मपरक साहित्य - शिल्पी

दिन: रविवार, 23 मई, 2021
समय: शाम 5:00 बजे
स्थान: ज़ूम (Zoom App)
ज़ूम ID : 852 8919 4165
पासवर्ड : 2021

कविता, आलोचना, नाटक, डायरी, आत्मकथा, संस्मरण, साक्षात्कार और पत्र संवाद के प्रयोगधर्मी हस्ताक्षर डॉ. नरेन्द्र मोहन की स्मृति में वैचारिक श्रद्धा सुमन अर्पण कार्यक्रम

निवेदक: सुमन पण्डित, अमित और ममता मोहन, मनीषा और विजय सारदा

# बीपीएल संक्रमितों के इलाज का सारा खर्च उठाएगी सरकार: खट्टर

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निजी अस्पतालों में कोरोना का इलाज करा रहे प्रदेश के बीपीएल मरीजों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि अब से ऐसे मरीजों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इससे पूर्व, राज्य सरकार ऐसे बीपीएल मरीजों को 35,000 तक की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। जिसमें आज बदलाव कर दिया गया है।

शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बीपीएल परिवार आयुष्मान भारत योजना में शामिल नहीं हैं, केवल वह परिवार इस लाभ के लिए पात्र होंगे। जिला उपायुक्त यह सुनिश्चित करें कि यह योजना जमीनी स्तर तक पहुंचे। बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उपस्थित थे और गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज वीसी के माध्यम से अंबाला से बैठक में शामिल हुए।

चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रैंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों तथा प्रशासनिक सचिवों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य के सरकारी और निजी अस्पताल पहले से ही कोरोना महामारी की दूसरी लहर के खिलाफ कड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं, परंतु अब कवक संक्रमण मामलों पर कड़ी निगरानी रखने सहित पोस्ट-कोविड समस्याओं से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सीएम ने कोरोना के बाद के लक्षणों से निपटने के लिए प्रदेशभर के जिला अस्पतालों में नियमित ओपीडी के साथ विशेष क्लीनिक खोलने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को कवक संक्रमण के मामलों में हो रही वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि यह बीमारी अब राज्य सरकार के लिए एक नई चुनौती बनकर उभरी है, इसलिए इसके उपचार के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों में कम से कम 20 बिस्तर आरक्षित रखे जाएं।

**अंबाला में जेठानी को मौत के घाट उतारा महिला ने**

अंबाला, 21 मई (जनसत्ता)।

अंबाला छावनी में कल गुरूवार देर रात एक महिला ने अपनी ही जेठानी को मौत के घाट उतार दिया। पीड़ित महिला की पहचान सपना के रूप में हुई। जिला पुलिस के मुताबिक, अनिल कुमार और उसके भाई धीरज कुमार स्थानीय डेहा कॉलोनी स्थित अपने घर में साथ-साथ रहते हैं। गुरूवार रात दोनों भाइयों में एक मामूली-सी बात पर झगड़ा हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंची। इसी बीच दोनों की पत्नियां भी वहां आ गईं और वह भी आपस में भिड़ गईं। इसी झगड़े में धीरज की पत्नी सुमन ने अनिल की पत्नी सपना के सिर में एक तेजधार हथियार के साथ हमला कर दिया जिसमें वह गंभर रूप से घायल हो गई थी।

# पंजाब में एक दिन में 172, हरियाणा में 112 संक्रमितों ने तोड़ा दम

### पंजाब में 5,278 नए मरीज

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

पंजाब और हरियाणा में आज शुक्रवार को भी कोरोना महामारी का कहर जारी रहा। पंजाब में आज शुक्रवार 172 कोविड मरीजों ने दम तोड़ दिया जबकि प्रदेश में नए 5,278 मरीज भी सामने आए हैं।

यह जानकारी आज यहां जारी कोविड के संदर्भ में जारी मीडिया बुलेटिन के हवाले से जारी जानकारी में दी गई। इसमें बताया गया कि आज जान गंवाने वाले 172 मरीजों में सर्वाधिक 23 मरीज अकेले जिला लुधियाना से थे, जबकि 19-19 मरीजों ने पटियाला-बठिंडा में, 13 ने मोहाली में, 11 मरीजों ने संगरूर में, 9-9 ने अमृतसर-फाजिल्का-जलंधर में, 8 ने पठानकोट में, 7 ने मुक्तसर में, 5-5 ने गुरदासपुर-होशियारपुर-मानसा-तरन तारन में, 4-4 ने कपूरथला-फतेहगढ़ साहिब में, 4 ने रोपड़ में और 3-3 मरीजों ने बरनाला-फरीकोट-फिरोजपुर-नवांशहर में दम तोड़ा। इनके साथ ही अब तक पंजाब में कोविड संक्रमण से कुल 12888 मरीज अपनी जान से हाथ धो चुके हैं।

पंजाब में आज सामने आए नए मरीजों में सर्वाधिक 687 मरीज अकेले जिला लुधियाना में सामने आए जबकि अब भी पंजाब में कोरोना संक्रमण के 63,470 मरीज उपचाराधीन हैं, जिनमें से 7,448 को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है जबकि अन्य गंभीर रूप से संक्रमित 418 को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखने की नौबत आई है। इनके अलावा 1,114 संक्रमित मरीजों को गंभीरावस्था में लेवल-3 संबंधी चिकित्सा सुविधाओं

### हरियाणा में नए 5,643 चपेट में

पंचकूला, 21 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में आज शुक्रवार कोविड संक्रमण से 112 मरीजों की मौत हो गई जबकि आज नए 5,643 मरीज भी सामने आए। इनके साथ ही अब तक कोरोना से प्रदेश में 7,317 मरीजों की मौत हो चुकी है जबकि अब भी वहां कोरोना के 5,437 सक्रिय मरीज उपचाराधीन हैं। कोविड से आज सर्वाधिक 9 मरीजों की मौत सिरसा-हिसार में हुई जबकि जींद में 8, रोहतक-गुरग्राम-फरीदाबाद में 7-7, यमुनागर में 6, सोनीपत-अंबाला-झज्जर-चरखी दादरी में 5-5, भिवानी-कुरुक्षेत्र कैथल-फतेहाबाद-पानीपत में 4-4, पलवल में 3 और महेंद्रगढ़ में 1 संक्रमित मरीज को मौत हुई। आज सर्वाधिक 623 नए संक्रमित गुरुग्राम में सामने आए जबकि फरीदाबाद में 242, सोनीपत में 299, हिसार में 464, महेन्दरगढ़ में 142, भिवानी में 368, अंबाला में 158, पंचकूला में 206, सिरसा में 394, करनाल में 248 और यमुनागर में 233 मरीज सामने आए। अब तक हरियाणा में 51,29,363 लोगों को कोरोना वैक्सीन लग चुकी है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 966 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं जबकि गंभीर रूप से संक्रमित 308 मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

**पंचकूला में रिकवरी दर बढ़ी**

पंचकूला: जिले में कोरोना संक्रमित मरीज अब तेजी से ठीक होने लगे हैं इस तरह संक्रमण से रिकवरी दर अब बढ़कर 92.58 फीसद हो गया है। सिविल सर्जन डॉ. जसजीत कौर ने आज शुक्रवार यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि पंचकूला में आज नए 206 संक्रमित सामने आए जिनमें 127 पुरुष और 79 महिलाएं हैं।

# हरियाणा में फाके काटने को मजबूर बर्खास्त पीटीआइ शिक्षक, परिजन

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में कोर्ट के आदेशों के बाद बर्खास्त किए गए 1606 पीटीआइ अध्यापक तथा उनके परिजन भूखे मरने को मजबूर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बर्खास्त पीटीआइ को दोबारा एडजस्ट किए जाने के एलान के आठ माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके चलते यह कर्मचारी भारी संकट झेल रहे हैं। सर्व कर्मचारी संघ ने पीटीआई के मुद्दे पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करवाने की मांग की है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव सतीश सेठी और हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष सीएन भारती व महासचिव जग रोशन ने बताया कि 1606 बर्खास्त पीटीआइ के परिवार भूखमरी के कगार पर आ गए हैं। ट्यूशन फीस न भर पाने से बच्चों के स्कूलों से नाम कट चुके हैं और दुकानदारों ने अब उधार में राशन देना बंद कर दिया है। जानलेवा बिमारी के ग्रस्त 42 पीटीआई दवाईयां न खरीद पाने से जिंदगी व मौत से जूझ रहे हैं। अब तक 17 बर्खास्त पीटीआई ह्रदय गति रुकने से मौत के मुंह में जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बाद दस साल की सेवा पूरी कर चुके 1829 पीटीआइ को 2 जून 2020 को बर्खास्त कर दिया था। सरकार ने दस सालों में मारे गए 52 पीटीआइ की विधवाओं को मिल रही एक्स ग्रेसिया मासिक वित्तीय सहायता तक को बंद कर दिया। इस भर्ती में 57 उम्मीदवार ऐसे थे, जो दूसरे विभागों से स्थाई नौकरी से त्याग पत्र देकर पीटीआई लगे थे। इस भर्ती में चयनित 29 महिला उम्मीदवार विधवा हो चुकी हैं।

सर्व कर्मचारी संघ ने बर्खास्त पीटीआइ का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के साथ चंडीगढ़ में बैठक की थी। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि बर्खास्त पीटीआई निर्दोष हैं, इसलिए आपके चूल्हे ठंडे नहीं होने दिए जाएंगे। सरकार ने बर्खास्त पीटीआइ को शिक्षा विभाग में स्पेशल स्कूल स्पोर्ट्स असिस्टेंट पदों पर समायोजित करने के लिए आश्वासन दिया गया था। सीएम ने बैठक में विधवाओं की बंद की गई एक्स ग्रेशिया मासिक वित्तीय सहायता को भी जारी रखने का आश्वासन दिया। लांबा ने बताया कि आठ महीने बीत जाने के बावजूद सरकार ने अपने वादे को पूरा नहीं किया। जिस कारण बर्खास्त पीटीआइ के परिवार भूखमरी के कागार पर आ चुके हैं।

# कवक संक्रमण पर सरकार को रोज रिपोर्ट देंगे सिविल सर्जन: विज

चंडीगढ़, 21 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में कवक संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके चलते स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सभी जिला सिविल सर्जनों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने जिलों की दैनिक रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें। जिसके आधार पर सरकार इस बीमारी से निपटने के लिए आगामी रणनीति बना सके, साथ ही उन्होंने कवक संक्रमण के मामलों में शोध करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

विज ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विशेषज्ञों को वैकल्पिक संक्रमण रोधी टीके की तलाश करने की सलाह दी है। इसके लिए एसआइएचएफड़ब्लू द्वारा सरकारी डेंटल सर्जनों को बीमारी की जांच और प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए एक प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न जिलों के 600 से अधिक दंत चिकित्सकों ने भाग लिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आइडीएसपी की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक हरियाणा के विभिन्न अस्पतालों में कुल 268 मरीज भर्ती हैं। तकनीकी समिति ने 24 रोगियों के लिए टीके को मंजूरी दी है। अभी तक कवक संक्रमण के अंबाला में सात मरीज पाए गए हैं, जबकि भिवानी में 10, फरीदाबाद में 40, फतेहाबाद में पांच, गुरुग्राम में 109, हिसार में 23, जींद में दो, करनाल में 11, पलवल में एक, पंचकूला में 4, पानीपत में आठ, रेवाड़ी में 3, रोहतक में 20, सिरसा में 24 तथा सोनीपत में एक मामला सामने आया है। विज ने बताया कि इन रोगियों के उपचार के साथ-साथ डाक्टरों को बीमारी पर शोध करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# पंजाब में शहर-शहर, गांव-गांव में कोविड, एक-एक घर में कई मौतें

लुधियाना, 21 मई (जनसत्ता)।

कोविड संक्रमण अब किसी को नहीं बख्श रहा, फिर चाहे गरीब हो या अमीर। कुछ ही दिनों में कई परिवारों में तो दो या दो से अधिक सदस्यों की जान इससे जा चुकी है और उनके परिजन इस गहरे सदमे से उबर नहीं पा रहे। होशियारपुर स्थित उद्योगपति राजीव सिंगला (48) भी ऐसे ही पीड़ितों में से हैं जो बीते 10 दिनों में ही कोरोना संक्रमण से अपने माता-पिता दोनों को खो चुके हैं।

सिंगला स्टील इंडस्ट्रीज के मालिक राजीव सिंगला का कहना है, बीती 23 अप्रैल में मेरी मां संक्रमित हुईं थीं, जबकि पिता 26 अप्रैल को संक्रमित हुए थे। हमने अपनी ओर से उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास किया, बेहतर से बेहतर अस्पताल में गए, ऑक्सीजन का बंदोबस्त तक कराया, आइसीयू बिस्तर भी हासिल किया और उपचार में खर्च भी खूब हुआ लेकिन इन सबके बावजूद मैं अपने माता-पिता की जान नहीं बचा पाया। कोविड मेरे परिवार के लिए हत्यारा बनकर आया। मेरी मां कांता रानी सिंगला (75) की जान 4 मई को गई थी जबकि पिता तरसेम चंद सिंगला (75) को तब तक अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी थी लेकिन उनकी मौत के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और 14 मई को उन्होंने अंतिम सांस ली। मेरे बड़े भाई संजीव (54) भी आइसीयू में भर्ती रहे लेकिन उन्हें अब अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। हालांकि, वह अब भी ऑक्सीजन के सहारे हैं।

सिंगला अभी भी इस सदमें से उबर नहीं पाए हैं। उनका कहना है, बीती 23 अप्रैल से मैं अपनी फेक्टरी में भी नहीं जा पा रहा। हमें स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री शाम सुंदर अरोड़ा की ओर से हमें अस्पताल में बिस्तर पाने में, परिवार को चिकित्सकीय परामर्श दिलाने में सहायता की लेकिन हत्यारे कोविड संक्रमण ने हमें नहीं छोड़ा। मेरी बेटी भी कोरोना संक्रमित आई लेकिन उनका घर में इलाज करके दुरुस्त कर लिया गया।

जिला गुरदासपुर स्थित गांव घुम्मन वासी व पेशे से केटरर बिशन (47) ने बीती 26 अप्रैल को अपने बेटे की शादी की थी जिसमें उनके कुछ रिश्तेदार भी आए थे जिनमें उनकी सास रानो देवी (70) भी आईं थीं। बिशन की पत्नी कविता रानी (45) शादी के तीन रोज बाद बीमार पड़ गईं और उन्हें अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, बिषन और रानो देवी को भी राधा स्वामी सत्संग में बनाए गए कोविड देखभाल केंद्र में रखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिन बाद सभी को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई थी लेकिन घर में आकर कविता की 9 मई को मौत हो गई थी और उसके बाद 10 मई को स्वयं बिशन की भी मौत हो गई, जबकि बेटी के पास रहने आई रानो देवी ने भी 11 मई को दम तोड़ दिया। इससे समूचे गांव में शोक की लहर छा गई।

## सूरज इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड

CIN: L26943HP1992PLC016791
पंजी. कार्या.: प्लॉट नं. 2, फेज III, संसारपुर टैरेस, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-173212
कार्पोरेट कार्या.: एफ-32/3, प्रथम तल, ओखला इण्डिस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली- 110020
ई-मेल: secretarial@surajindustries.org; वेबसाइट: www.surajindustries.org फोन नं: 01970-256414

31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही एवं लेखा वर्ष के अंकेक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणामों का सार

(रू. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | 31-03-2021 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31-03-2020 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31-03-2021 को समाप्त लेखा वर्ष (अंकेक्षित) | 31-03-2020 को समाप्त लेखा वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 644.91 | 33.94 | 704.33 | 131.93 |
| 2. | सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 27.68 | (3.81) | 6.32 | (46.40) |
| 3. | कर से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से बाद) | 27.68 | (3.81) | 6.32 | (46.40) |
| 4. | कर के पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) | 58.48 | (3.81) | 37.12 | (46.40) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय | 58.34 | (3.81) | 36.98 | (46.40) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/-रू प्रति) | 865.00 | 728.60 | 865.00 | 728.60 |
| 7. | रिजर्व (पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रू. 10/- प्रति का) असाधारण मदों से पहले और बाद में - मूल और तरल (*गैर वार्षिक) | 0.80* | (0.05)* | 0.51 | (0.64) |

टिप्पणी:
1. 21.05.2021 को आयोजित बैठक में लेखा परिक्षा समिति द्वारा उपरोक्त परिणामों की समीक्षा की गई तथा बाद में 21.05.2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. ये परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंड एस) के अनुसार कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के तहत जारी किए गए नियमों के अनुसार तैयार किये गए है।
3. अंतिम तिमाही से संबंधित आंकड़े 01.04.2020 से 31.03.2021 तक की अवधि के ऑडिट किए गए आंकड़ों और 31.12.2020 तक के आंकड़ों को प्रकाशित करने वाले वर्ष के बीच संतुलन वाले आंकड़े हैं।
4. एक ही सेगमेंट मे संचालन के कारण इंड-एएस 18 से संबंधित सेगमेंट वाइस रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।
5. पिछले अवधियों के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के लिए तुलनीय बनाने के लिए फिर से व्यवस्थित/पुन: व्यवस्थित किया गया है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
वास्ते सूरज इण्डस्ट्रीज लि०
हस्ता/-
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 21 मई, 2021
सूरज प्रकाश गुप्ता, प्रबंध निदेशक

## ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III, चंडीगढ़

एससीओ नं. 33-34-35, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़

### आर.सी. नं. 904/2019

**पंजाब नेशनल बैंक** ..... प्रमाणपत्र धारक

**बनाम**

**मै. मालवा कॉटन स्पिनिंग मिल्स** ..... प्रमाणपत्र ऋणधारक

**प्रकाशन सूचना**

**(आरडीडीबी व एफआई अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 28 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय सारणी के नियम 2 के अधीन सूचना)**

सेवा में,

1. मै. मालवा कॉटन स्पिनिंग मिल्स लि. को इसके चैयरमेन तथा प्रबंध निदेशक जंगी ओसवाल, 88, इंडस्ट्रियल एरिया-ए, लुधियाना के माध्यम से। कर्जदार
2. जंगी लाल ओसवाल सुपुत्र स्व. विद्या सागर, चैयरमेन तथा प्रबंध निदेशक मै. मालवा कॉटन स्पिनिंग मिल्स लि., निवासी बी-XIX-85/4, क्लब रोड, सिविल लाईस, लुधियाना। दूसरा पता: बी-83, दि माल, लुधियाना। गारंटर
3. ऋषि ओसवाल सुपुत्र जंगी लाल निदेशक, मै. मालवा कॉटन स्पिनिंग मिल्स लि., निवासी बी-XIX-85/4 क्लब रोड, सिविल लाईस, लुधियाना। दूसरा पता: बी-83, दि माल, लुधियाना। गारंटर
4. राहुल ओसवाल सुपुत्र जंगी लाल ओसवाल, निदेशक, मै. मालवा कॉटन स्पिनिंग मिल्स लि., निवासी बी-XIX-85/4 क्लब रोड, सिविल लाईस, लुधियाना।
5. मै. अपार व्यापार लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: 8-बी, रोयड स्ट्रीट, कमरा नं. 6, प्रथम तल, कोलकाता को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशके के माध्यम से।
6. मै. बहामूल्या फाइनेंस लिमिटेड, पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
7. मै. क्राऊज़ इंवेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय 708-709, रहेजा चैम्बर्स, 213, नरीमन प्वाईंट, मुम्बई को इसके प्रबंध निदेशक/ निदेशक के माध्यम से।
8. मै. एक्सीलेंट प्रिंटर्स प्राईवेट लि., पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
9. मै. फयेट ट्रैडिंग एंड इंवेस्टमेंट कॉ. लि., पंजी. कार्यालय 708-709, रहेजा चैम्बर्स, 213, नरीमन प्वाईंट, मुम्बई को इसके प्रबंध निदेशक/ निदेशक के माध्यम से।
10. मै. गार्डन इंवेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
11. मै. ग्लोरी होल्डिंग लिमिटेड, पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
12. मै. जगदम्बा केमिकल प्राईवेट लिमिटेड, पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
13. मै. कमल होल्डिंग कॉ., पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कॉलोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
14. मै. मालवा कैपिटल एंड फाइनेंस लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: 230, ओसवाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया-ए, लुधियाना को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
15. मै. नार्थ इंडिया कार्पेट कॉ प्राइवेट लिमिटेड, पंजी. कार्यालय ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
16. मै. ओसवेगो ट्रैडिंग एंड इंवेस्टमेंट कॉ. लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: 708-709, रहेजा चैंबर्स, 213, नरीमन प्वाइंट, मुंबई को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
17. मै. ओसवाल इंटरमेडिएटिड प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
18. मै. ओसवाल फाइबर्स प्राइवेट लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
19. मै. प्रूडेंशियल कॉमर्शियल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
20. मै. पिलर इंवेस्टमेंट कॉ. प्रा. लि. पंजी. कार्यालय: ए-15 श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
21. मै. विजय वल्लभ होल्डिंग लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: 708-709, रहेजा चैंबर्स, 213, नरीमन प्वाइंट, मुंबई को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
22. मै. स्वर्णिम ट्रैड उद्योग लि. पंजी. कार्यालय:8-बी, रोयड स्ट्रीट, कमरा नं. 6, प्रथम तल, कोलकाता को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशके के माध्यम से।
23. मै. वज़ इंवेस्टमेंट एंड ट्रैडिंग कॉ. लि., पंजी. कार्यालय: 87/158, आचार्य नगर, जी.टी. रोड, कानपुर को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
24. मै. जंगी ग्रोथ फंड प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
25. मै. नीलम ग्रोथ फंड प्राइवेट लिमिटेड, पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
26. मै. नाग देवी ग्रोथ फंड प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
27. मै. ऋषि ग्रोथ फंड प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।
28. मै. वी.एस. ग्रोथ फंड प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: ए-15, श्रीनगर कालोनी, भारत नगर रोड, दिल्ली-110052 को इसके प्रबंध निदेशक/निदेशक के माध्यम से।

प्रतिवादी नं. 5 से 28 तक शेयर्स के गिरवीदार है।

माननीय पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी ओए नं. 2017 का 5127 में वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार आप से 260,54,58,222.00 रुपए की राशि बकाया है।

चूंकि, यह न्यायालय की संतुष्टि के अनुरूप दर्शाया गया है कि आपको सामान्य तरीके से तामील नही कराया जा सकता, इसलिए इस प्रकाशन द्वारा दी गई इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 22.06.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान रहें कि निर्दिष्ट दिन व समय पर आपकी उपस्थिति में चूक होने पर, मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय की मुहर के अधीन 13 मई, 2021 को चंडीगढ में जारी किया गया।

वसूली अधिकारी-II,
डीआरटी-III, चंडीगढ़।